# Practice paper (2023-24)

**CLASS : 12th (Sr.Secondary)** **Code No.523** **SET : A**

अनुक्रमांक

**हिंदी** **ऐच्छिक (Hindi Elective)**

**ACADEMIC / OPEN**

**समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 9 तथा 11 प्रश्न हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नं. को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोडें।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।
- परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। अनुक्रमांक के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।

## सामान्य निर्देश:

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।
(iii) प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ आवश्यकतानुसार यथोचित 'निर्देश दिए गए हैं।
(iv) प्रश्न के उपभागों को यथा संभव क्रमिक और एक स्थान पर लिखने का प्रयास किया जाए।
(v) शुद्ध, सटीक और तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

## खंड - क

**प्रश्न-1.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x5=5**

भारत में विशेष ऋतुओं से संबंध रखने वाले त्योहारों की भी कमी नहीं है। वसंत पंचमी, होली, श्रावण-तीज, शरद पूर्णिमा, लोहड़ी, पोंगल, बैसाखी आदि त्योहार किसी न किसी रूप में सारे देश में मनाए जाते हैं। सभी जानते हैं कि इनका संबंध विशेष ऋतुओं से ही है। वसंत पंचमी, होली, सब वासंती रंग और मस्ती के त्योहार हैं। श्रावण - तीज मस्ती के प्रतीक झूलों का त्योहार है। शरद् पूर्णिमा वर्षा ऋतु के बाद वायुमंडल और वातावरण की निर्मलता का संदेश देने वाला त्योहार है। लोहड़ी और पोंगल शीत-ऋतु की भरपूरता में मनाए जाने वाले त्योहार हैं। इन पर जो रेवड़ी, मूँगफली, तिल, गुड़, घी-खिचड़ी आदि खाने की परंपरा है, वह वास्तव में सर्दी से बचाव और स्वास्थ्य सुधार का उपाय ही है, यद्यपि

Downloaded from cclchapter.com

कुछ धार्मिक-आध्यात्मिक बातें, कथाएँ और परंपराएँ भी इसके साथ जुड़ गई हैं। बैसाखी गेहूँ की नयी फ़सल आने और ऋतु परविर्तन की सूचना देने वाला त्योहार है, जो कि पंजाब-हरियाणा जैसे कृषि-प्रधान प्रांतों में विशेष सज-धज के साथ, नृत्य-गान की मस्ती के साथ मनाया जाता है। इनके अतिरिक्त भी लोग ऋतुओं से संबंधित स्थानीय स्तर के त्योहार मनाते ही रहते हैं। सभी में मेल-मिलाप, आनंद मौज की प्रधानता रहा करती है।

1. भारत में विशेष ऋतुओं से संबंध रखने वाले त्योहार कौन-कौन से हैं?
   (क) दीवाली, दशहरा, भैयादूज
   (ख) स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, गांधी जयंती
   (ग) बसंतपंचमी,होली, बैसाखी
   (घ) रामनवमी शिवरात्रि नवरात्र
2. श्रावण तीज का त्योहार किसका प्रतीक है? -
   (क) झूलों का
   (ख) फूलों का
   (ग)फसलों का
   (घ) हरियाली का

3. शरद पूर्णिमा त्योहार क्या संदेश देता है? -
   (क)वातावरण की कठोरता का संदेश
   (ख)वातावरण की सर्दी का संदेश
   (ग)वातावरण के गर्मी का संदेश
   (घ) वातावरण के निर्मलता का संदेश

4. पंजाब-हरियाणा जैसे कृषि प्रधान प्रांतों में कौन-सा त्योहार मनाया जाता है?
   (क) पोंगल
   (ख) वसंत पंचमी
   (ग) बैसाखी
   (घ) श्रावण तीज
5. शीत ऋतु की भरपूरता में मनाए जाने वाले त्योहार है-
   (क) शरद् पूर्णिमा
   (ख) लोहड़ी एवं पोंगल
   (ग) श्रावण तीज
   (घ) बैसाखी

**प्रश्न-2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x5=5**

Downloaded from cclchapter.com

पुजारी! भजन, पूजन, साधन, आराधना
इन सबको किनारे रख दे।
द्वार बंद करके देवालय के कोने में क्यों बैठा है?
अपने मन के अंधकार में छिपा बैठा, तू कौन-सी पूजा में मग्न है?
आँखें खोलकर जरा देख तो सही
तेरा देवता देवालय में नहीं है।
जहाँ मज़दूर पत्थर फोड़कर रास्ता तैयार कर रहे हैं, तेरा देवता वहीं चला गया है।
वे धूप- बरसात में एक समान तपते झुलसते हैं,
उनके दोनों हाथ मिट्टी में सने हैं उनकी तरह सुंदर परिधान त्यागकर
मिट्टी भरे रास्तों से जा तेरा देवता देवालय में नहीं है।

1. उपर्युक्त काव्यांश का सर्वाधिक उचित शीर्षक क्या होगा ?
   (क)भगवान यहाँ नहीं
   (ख) भगवान चले गए कहीं
   (ग)भगवान को भक्त चाहिए नहीं
   (घ)देवता देवालय में नहीं
2. पुजारी से भजन-पूजन छोड़ने की बात क्यों कही जा रही है?
   (क)देवता देवालय में दर्शन नहीं दे रहा।
   (ख) देवता को पुजारी की भक्ति स्वीकार नहीं।
   (ग)देवता देवालय से निकलकर श्रमिकों के बीच जा बैठा है।
   (घ)देवता को भजन-पूजन पसंद नहीं।
3. देवता देवालय से क्यों चला गया है?
   (क) देवता परिश्रम को महत्त्व देता है।
   (ख) उसे पुजारी की अकर्मण्यता अच्छी नहीं लगती।
   (ग) उसे उन लोगों से सहानुभूति है जो हर मौसम में कठिनाइयों का सामना करते हैं।
   (घ) उपर्युक्त सभी।
4. किसान और मजदूर क्या करते हैं?
   (क)वे परिश्रम करते हैं।
   (ख) प्रत्येक परिस्थिति का सामना करते हैं।
   (ग)जन-कल्याण हेतु कार्य करते हुए कठिनाइयों को हँसकर सहते हैं।
   (घ)सुख की कामना नहीं करते।
5. मिट्टी भरे रास्तों पर जाने की बात किससे की जा रही है?
   (क)मजदूर से
   (ख) किसान से
   (ग)पुजारी से
   (घ)देवता से

Downloaded from cclchapter.com

## खंड -ख

**प्रश्न-3 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए: 1x10=10**

1. प्रेमचन की छाया स्मृति पाठ किस विधा में रचित है?
   (क)कहानी
   (ख) कविता
   (ग)निबंध (संस्मरणात्मक निबन्ध)
   (घ)नाटक
2. प्रेमघन की छायास्मृति पाठ के लेखक कौन हैं?
   (क) रामचन्द्र शुक्ल
   (ख) नागार्जुन
   (ग) हरिशंकर परसाई
   (घ) जैनेन्द्र
3. लेखक का किसके साथ मिलकर गांधी जी से मिलने का इरादा था?
   (क)अपने पिता के साथ
   (ख)अपने भाई के साथ
   (ग)अपने साथी के साथ
   (घ) अपने दोस्तों के साथ
4. संवदिया कहानी एक जीवंत चित्रण है-
   (क)बाल मन के दुःख और करुणा की
   (ख) नारी मन के दुःख और करुणा की
   (ग)पुरुष मन के दुःख और करुणा की
   (घ)बुजुर्ग मन के दुःख और करुणा

5.बड़ी हवेली की 'टूटी ड्योढ़ी' के द्वारा लेखक ने इशारा किया है-
   (क)पतनशील सामंती व्यवस्था
   (ख)समाज का सांस्कृतिक पतन
   (ग)समाज का वैचारिक पतन
   (घ)आर्थिक पतन

6. जहां कोई वापसी नहीं पाठ की मूल संवेदना क्या है ?
   क) वृक्षारोपण की समस्या
   ख) प्रदूषण की समस्या
   ग) विस्थापन की समस्या
   घ) भ्रष्टाचार की समस्या
7. गांधी का आश्रम कहाँ स्थित था?
   (क) सेवाग्राम
   (ख) नौगाँव

Downloaded from cclchapter.com

(ग) पंचगाँव

(घ) सभापुर गाँव

8. कुत्तों से क्या कहा गया?

(क) कि शेर के मुंह में हड्डी है

(ख) घास का मैदान है

(ग) घर है

(घ) शेर का मुंह निर्माण का एकमात्र मार्ग है

9.मोदी आइन बड़ी बहू को जली-कटी क्यों सुना रही थी?

(क)बड़ी बहू की उससे लड़ाई हुई थी।

(ख)बिना किसी बात के

(ग)वो उससे जलती थी।

(घ)अपना उधार वापस लेने के लिए।

10. संभव मनसा देवी जाने के लिए किस कार में बैठा था?

क) पालकी में

ख) केबल कार में

ग) गाड़ी में

घ) तांगा में

**प्रश्न-4) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 1x5= 5**

वृद्ध महाशय ने उसके सिर पर हाथ फेरकर आशीर्वाद दिया और कहा कि जो तू इनाम माँगे वही दे। बालक कुछ सोचने लगा। पिता और अध्यापक इस चिंता में लगे कि देखें यह पढ़ाई का पुतला कौन-सी पुस्तक माँगता है। बालक के मुख पर विलक्षण रंगों का परिवर्तन हो रहा था, हृदय में कृत्रिम और स्वाभाविक भावों की लड़ाई की झलक आँखों में दीख रही थी। कुछ खाँसकर गला साफ़ कर नकली परदे के हट जाने पर स्वयं विस्मित होकर बालक ने धीरे से कहा, 'लड्डू पिता और अध्यापक निराश हो गए। इतने समय तक मेरा श्वास घुट रहा था। अब मैंने सुख से साँस भरी उन सबने बालक की प्रवृत्तियों का गला घोंटने में कुछ उठा नहीं रखा था। पर बालक बच गया। उसके बचने की आशा है क्योंकि वह लड्डू की पुकार जीवित वृक्ष के हरे पत्तों का मधुर मर्मर था, परे काठ की अलमारी की सिर दुखाने वाली खड़खड़ाहट नहीं।

1. "उसके सिर पर हाथ फेरकर आशीर्वाद दिया" में उसके किसके लिए प्रयोग हुआ है?

(क)अध्यापक के लिए

(ख) प्रधानाचार्य के लिए

(ग)प्रधानाचार्य के पुत्र के लिए

(घ)महाशय के इकलौते पोते के लिए

2. पिता और अध्यापक को क्या चिंता होने लगी?

Downloaded from cclchapter.com

(क) बालक कौन सी मिठाई माँग बैठे।
(ख) प्रधानाचार्य का बेटा कौन सा इनाम माँग पड़े।
(ग) पढ़ाई का पुतला कौन-सी पुस्तक माँग बैठे।
(घ) महाशय कौन-सा प्रश्न पूछ बैठे।

3. बालक में स्वाभाविक भावों की लड़ाई कहाँ दिख रही थी?
(क) चेहरों में
(ख) आंखों में
(ग) मस्तक में
(घ) नाक में

4. पिता और अध्यापक निराश क्यों हो गए?
(क) बालक के इनाम माँगने पर
(ख) बालक के खिलौने माँगने पर
(ग) बालक के लड्डू माँगने पर
(घ) बालक के अचानक भाग जाने पर

5 "पर बालक बच गया।" से लेखक का क्या आशय है?
(क) बालक का आत्मविश्वास टूट गया।
(ख) बालक का विश्वास बढ़ गया।
(ग) बालक की उम्र बढ़ गई।
(घ) बालक का बचपन बच गया।

**प्रश्न-5) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2×2=4**
(क) आधुनिक भारत क'नए शरणार्थी' किन्हें कहा गया है?
(ख) आंखें बंद रखने और आंखें खोल कर देखने के क्या परिणाम निकले?
(ग) उपाध्याय बदरी नारायण चौधरी 'प्रेमधन' की पहली झलक लेखक ने किस प्रकार देखी?

**प्रश्न-6 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए: 1X10=10**

1. 'कार्नेलिया का गीत' कविता में भारत की किस विशेषता का वर्णन किया गया है?
(क) सिंधु के मनोहर तट का
(ख) भारतीय संगीत का
(ग) भारतीय सास्कृतिक सौंदर्य का
(घ) भारत के लोगों का

2. 'एक बूंद' का संबंध कविता में किससे बताया गया है?
(क) ईश्वर से
(ख) जीवन से
(ग) व्यक्ति से
(घ) क्षणभंगुरता से

Downloaded from cclchapter.com

3 कवि के अनुसार, बनारस में जब वसंत आता है तो क्या होता है ?

(क) धूल का बवंडर उठता है और लोगों के मुँह में धूल भर जाती है

(ख) बर्फबारी होती है और सभी लोग घरों में बंद होते हैं।

(ग) फूलों की महक फैलती है और सब खुशी-खुशी बैठ जाते हैं

(घ) बर्फ के गिरने से सड़कों पर बच्चे खेलते हैं।

4. जिससे उगती दूब है-पंक्ति में 'वूल' क्या है?

(क) सुजन

(ख) पुस्तक

(ग) घास

(घ) रस

5. मन में ऊब होने से क्या होगा?

(क) रचना नहीं होगी।

(ख) आधी रचना होगी।

(ग) अच्छी रचना होगी।

(घ) अधूरी रचना होगी

6. 'कुलिस-कठिन' में प्रयुक्त अलंकार है

(क)उपमा

(ख) रूपक

(ग)उत्प्रेक्षा

(घ)अनुप्रास

7 "जननी निरखति बान धनुहियों" में 'जननी शब्द प्रयुक्त हुआ

क. माता कौशल्या के लिए

ख. माता कैकयी के लिए

ग. माता सुमित्रा के लिए

घ. सीता जी के लिए किस

**8**. भारत क सभी अनार्थों का मूल किसे मान रहे हैं?

(क) खुद को

(ख) कैकयी को

(ग) सुमित्रा को

(घ) सुमंत को।

9. विरह में नागमती के शरीर की कांति कैसी हो गई है?

(क) चंद्रमा के समान सफेद

(ख) दोपहर के समान गरम

(ग) पलाश के फूलों के समान

(घ) पीले पत्तों के समान

10. फिर-फिर, सुरगि- सुलगि में कौन सा अलंकार है?

Downloaded from cclchapter.com

(क) रूपक अलंकार

(ख) उत्प्रेक्षा अलंकार

(ग) यमक अलंकार

(घ) पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार

**प्रश्न-7) निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:**

**6x1=6**

श्रृंगार, रहा जो निराकार, रह कविता में उच्छ्‌वसित-धार गाया स्वर्गीया-प्रिया-संग- भरता प्राणों में राग-रंग, रति रूप प्राप्त कर रहा वही, आकाश बदल कर बना माही । हो गया ब्याह, आत्मीय स्वजन, कोई थे नहीं, न आमंत्रण था भेजा गया, विवाह राग भर रहा न घर निशि-दिवस जाग, प्रिय मौन एक संगीत भरा नव जीवन के स्वर पर उतरा।

**अथवा**

जैसे बहन दा कहती है ऐसे किसी बँगले के किसी तरु (अशोक ?) पर कोई चिड़िया कुऊकी चलती सड़क के किनारे लाल बजरी पर चुरुरुए पाँव तले ऊँचे तुरवर से गिरे बड़े-बड़े पियराए पत्ते कोई छ बजे सुबह जैसे गरम पानी से नहाई हो खिली हुई हवा आई, फिरकी सी आई चली गई। ऐसे, फुटपाथ पर चलते चलते चलते। कल मैंने जाना कि वसंत आया।

**प्रश्न-8) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **2x2=4**

(क) देवसेना की हार या निराशा के क्या कारण हैं?

(ख) कोयल और भौंरों के कलरव का नायिका पर क्या प्रभाव पड़ा?

(ग) बसंत आगमन की सूचना कवि को कैसे मिली?

## खंड. ग

**प्रश्न-9) 'अंतराल (भाग - 2)' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन के उत्तर दीजिए:**
**2×3=6**

(क) भैरो ने सूरदास की झोपड़ी क्यों जलाई?

(ख)‘यह फूस की राख नहीं थी, अपनी अभिलाषाओं की रख थी।‘ संदर्भ सहित विवेचना कीजिए।

(ग) ‘फूल केवल गंध ही नहीं देते दवा भी करते हैं’ कैसे?

(घ) धरती का वातावरण गर्म क्यों हो रहा है? इसमें यूरोप और अमेरिका की क्या भूमिका है? टिप्पणी कीजिए।

## खंड - घ

**प्रश्न-10'अभिव्यक्ति और माध्यम' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

(क) **1x4=4**

(i) फोन इन से क्या तात्पर्य है?

(ii) स्टिंग ऑपरेशन किसे कहते हैं?

Downloaded from cclchapter.com

(iii) भाषा को प्रभावी बनाने के लिए पत्रकार को क्या करना चाहिए?

(iv) साइबर पत्रकारिता किसे कहा जाता है?

(ख) 3X2=6

(i) इंटरनेट पत्रकारिता सूचनाओं को तत्काल उपलब्ध करवाता है, परंतु इसके साथ ही उसके कुछ दुष्परिणाम भी हैं उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए?

(ii) फीचर क्या है? फीचर को परिभाषित करते हुए फीचर की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ग) रेडियो नाटक किसे कहते हैं ?नाटक की भाषा शैली कैसी होनी चाहिए और लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

5

**अथवा**

विशेष लेखन अथवा विशेष रिपोर्टिंग किसे कहते हैं ?समाचार पत्रों में विशेष लेखन की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

## खंड-ड.

**प्रश्न-11 'नैतिक शिक्षा' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नोंके उत्तर दीजिए: 2x5=10**

(क) सन 1965 के युद्ध में पाकिस्तान ने टैंक कहां से प्राप्त किया?

(ख) असेंबली में कब और किसने बम धमाका किया?

(ग) लंदन के इंडिया हाउस में मदनलाल ढींगरा की मुलाकात किन भारतीयों से हुई?

(घ) भाग्य पर ही निर्भर रहने वाली मछली का नाम क्या था ?

(ड.) गीता के अनुसार जगत की उत्पत्ति के कर्म का वर्णन करें।

Downloaded from cclchapter.com